**विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2022 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-15 का उत्तर ।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 15 (क) क्या पर्यटन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-रायबरेली, तहसील- ऊँचाहार, विकास खण्ड-जगतपुर, ग्राम पंचायत-सरांय श्री बक्स स्थित प्राचीन सिद्धेश्वर भगवान शिव मंदिर सौन्दर्यीकरण/जीर्णोद्धार से सम्बन्धित श्रम एवं सेवायोजन मंत्री कार्यालय पत्रांक संख्या-2876/वी0आई0पी0/श्रम एवं सेवा0 सम0/2020, दिनांक 19 अगस्त, 2020 का पत्र अपर मुख्य सचिव, पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, को प्राप्त हुआ है ? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ? | प्रश्नगत स्थल पर मूलभूत पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का सृजन किए जाने हेतु स्थल की परियोजना का प्रस्ताव जनपद रायबरेली की वित्तीय वर्ष 2022-23 की जिला योजनान्तर्गत, जिला नियोजन एवं अनुश्रवण समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी जनपद रायबरेली को प्रेषित किया गया है। |
| (ग) क्या उक्त मन्दिर के सौन्दर्यीकरण, बाउण्ड्रीवाल, परिक्रमा मार्ग, पानी की टंकी, सोलर लाइट, धर्मशाला, सड़क आदि हेतु धन आवंटित करायेंगे ? | स्थल की परियोजना का प्रस्ताव जिला नियोजन एवं अनुश्रवण समिति से अनुमोदित होने के पश्चात, विभागीय आय-व्ययक में जिला योजना मद में उपलब्ध वित्तीय व्यवस्था के अनुसार, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग में स्थलों के पर्यटन विकास हेतु अनुमन्य पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के कार्यों के अंतर्गत-परिक्रमा मार्ग, पेयजल/हैंड पंप की व्यवस्था/पीने के पानी हेतु टंकी आदि तथा सोलर लाइट के कार्यो का स्थल पर उपयुक्त भूमि की उपलब्धता के अनुसार क्रियान्वयन किया जाना संभव हो सकेगा<br>उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग में स्थलों के पर्यटन विकास हेतु कराए जा सकने वाले पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के कार्यों के अंतर्गत-मंदिर का सौंदर्यीकरण, बाउंड्रीवाल, धर्मशाला व सड़क निर्माण का कार्य अनुमन्य नहीं है। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक? | वित्तीय वर्ष 2022-23 में परियोजना स्वीकृत करायी जानी प्रस्तावित है। |

**जयवीर सिंह**
**मंत्री**